सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 50 | इंदौर, मंगलवार 02 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



**US Politics: 'PAK में परिवार के कारोबार के कारण भारत से मजबूत संबंधों की दी बलि', पूर्व NSA का ट्रंप पर हमला**

# सीएम दिल्ली में उद्योगपतियों के साथ करेंगे वन-टू-वन मीटिंग, टेक्सटाइल सेक्टर पर होगा फोकस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तीन सितंबर को दिल्ली में होने वाले 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन पीएम मित्रा पार्क' के इंटरैक्टिव सेशन में शामिल होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह भी मौजूद रहेंगे। इंटरैक्टिव सेशन में टेक्सटाइल सेक्टर के निवेशकों और नीति-निर्माताओं की मौजूदगी में मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर विचार-विमर्श होगा। केन्द्रीय मंत्री सिंह भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की बढ़ती वैश्विक भूमिका और पीएम मित्रा पार्क की अहमियत पर अपने विचार रखेंगे।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों के साथ वन-टू-वन मीटिंग कर राज्य में उपलब्ध अधोसंरचना, नीतिगत सहयोग और नए अवसरों की जानकारी देंगे। साथ ही टेक्सटाइल हब के रूप में पहचान बना रहे मध्य प्रदेश की विशेषताओं से निवेशकों को अवगत कराएंगे। मुख्यमंत्री द्वारा यह भी बताया जाएगा कि कैसे पीएम मित्रा पार्क प्रदेश की औद्योगिक तस्वीर को बदलने वाला साबित होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों और उद्योगपतियों के साथ टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश संबंधी प्रस्तावों और संभावनाओं पर भी संवाद करेंगे।

इंटरैक्टिव सेशन में वस्त्र मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी केंद्रीय योजनाओं और टेक्सटाइल क्षेत्र में बढ़ते वैश्विक अवसरों पर जानकारी देंगे। मध्य प्रदेश के उद्योग विभाग और टेक्सटाइल विभाग के अधिकारियों द्वारा निवेशकों को मध्यप्रदेश में उपलब्ध संसाधनों, क्लस्टर आधारित विकास और विशेष पैकेज का प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव और वस्त्र मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव रोहित कंसल भी अपने विचार साझा कर टेक्सटाइल उद्योग में नई संभावनाओं और केंद्र सरकार की नीतियों की जानकारी देंगे।

मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र सिंह टेक्सटाइल सेक्टर में मध्य प्रदेश की नीतिगत पहल, निवेश प्रोत्साहन योजनाओं और औद्योगिक परिदृश्य की विस्तृत जानकारी देंगे। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में प्रस्तावित पीएम मित्रा पार्क आधुनिक टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से युक्त एकीकृत हब के रूप में विकसित किया गया है। यह पार्क कपड़ा उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार सृजन का आधार बनेगा।

एमवाय हॉस्पिटल में

# चूहों ने दो नवजातों के हाथ कुतर डाले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एमवाय अस्पताल के एनआईसीयू में चूहों ने दो नवजातों के हाथ कुतर दिए। दोनों को दो-तीन पहले जन्म के तुरंत बाद एनआईसीयू में शिफ्ट किया गया था। रविवार को जब नवजात को चूहे ने काटा था तो डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया। सोमवार को दूसरी घटना के बाद स्टाफ ने सीनियरों को सूचना दी।



दरअसल, पूर अस्पताल में ही चूहों की भरमार है। बताया जाता है कि इसमें एनआईसीयू में तो एक बड़ा चूहा कई दिनों से सक्रिय है। खुद स्टाफ उसे देखकर सहम जाते हैं। इन दोनों घटनाओं के बाद एमवायएच प्रबंधन ने बड़े स्तर पर पेस्ट कंट्रोल कराने की तैयारी की है। साथ ही एनआईसीयू में चूहों की आवाजाही बंद कराने पर काम चल रहा है। स्टाफ ने तुरंत संबंधित डॉक्टरों को सूचना दी। इस बीच सीनियर डॉक्टर्स यूनिट में पहुंचे और बच्चों की जांच की। उन्होंने तत्काल एचओडी डॉ. ब्रजेश लाहोटी को फोन पर घटनाक्रम बताया। दरअसल डॉ. लाहोटी अभी छुट्टी पर हैं। डॉक्टरों ने उन्हें दोनों बच्चों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद डॉ. लाहोटी ने सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव को जानकारी दी। डॉ. लाहोटी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पूरे अस्पताल और आसपास चूहों की काफी भरमार है। दोनों नवजातों का ट्रीटमेंट चल रहा है। विशेष तौर पर ध्यान रखा जा रहा है। स्टाफ को सतर्कता बरतने के लिए कहा है। साथ ही यूनिट में चूहों की आवाजाही बंद करने के इंतजाम किए जा रहे हैं। डॉ. अशोक यादव (सुपरिटेंडेंट) अभी भोपाल में है। उन्होंने बताया कि मरीज के परिजन खाद्य सामग्री लेकर वार्ड तक ले आते हैं। इस कारण चूहों की संख्या बढ़ रही है। पांच साल पहले अस्पताल में पेस्ट कंट्रोल किया गया था। इसके बाद अब फिर चूहों की संख्या तेजी से बढ़ी है। खास बात यह कि परिजन घबरा न जाए, इसलिए अभी उन्हें बताया नहीं गया है। सभी नवजातों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

सूचना देने पर ईनाम

फरार/गुमशुदा की तलाश

अमानत में ख़यानत का आरोपी



नाम : अक्षय डेविड

उक्त व्यक्ति जिसके खिलाफ थाने में नामजद अपराध पंजीबद्ध है। इसके बारे में सूचना/पता बताने पर उचित इनाम दिया जाएगा।

संपर्क करें

7869526724

9303183100

इंदौर थाना लसुड़िया - 075876 14662

इंदौर थाना एम.आई.जी. - 0731 257 8361

# अनंत चतुर्दशी चल समारोह की व्यापक तैयारियां जारी

## कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में झांकी और अखाड़ा संचालकों की संयुक्त बैठक संपन्न

## इंदौर की परंपरा को कायम रखने के लिए झांकी बनाने वाली मिलो को जिला प्रशासन द्वारा दिए जाएंगे दो-दो लाख रुपए

# डीजे का उपयोग पूर्णतः रहेगा प्रतिबंधित- डीजे पाए जाने पर होंगे जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के अनंत चतुर्दशी चल समारोह को लेकर व्यापक तैयारियां जारी है। समारोह के दौरान की जाने वाली जिला प्रशासन और पुलिस की व्यवस्थाओं को लेकर आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में झांकी और अखाड़ा संचालकों तथा अधिकारियों की संयुक्त बैठक कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में अनंत चतुर्दशी चल समारोह के सुव्यवस्थित और प्रभावी आयोजन के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। निर्णय लिया गया कि इंदौर की परंपरा को कायम रखने के लिए झांकी बनाने वाली मिलो को जिला प्रशासन द्वारा दो-दो लाख रुपए रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। साथ ही निर्णय लिया गया कि समारोह के दौरान डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। डीजे पाए जाने पर तुरंत जप्त कर लिया जायेगा।**




बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, एडिशनल पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह, डीसीपी श्री हंसराज सिंह, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि इंदौर की गौरवशाली परंपरा को हर हाल में कायम रखा जाए। परंपरा के अनुसार ही झांकी और अखाड़े निकाले जाए। डीजे का उपयोग किसी भी हालत में नहीं करें। डीजे पाए जाने पर उन्हें जप्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार झांकी और अखाड़ा संचालकों को अपनी झांकी और अखाड़े समय पर निकालने होंगे। अखाड़े और झांकी संचालन के संबंध में प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अखाड़े और झांकी नियम और निर्देशों का पालन करें। नियम और निर्देशों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अखाड़े को स्वागत मंच के समक्ष निर्धारित समय के भीतर ही प्रदर्शन करना होगा।

बैठक में एडिशनल पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनुशासन एवं समय का विशेष ध्यान रखें। सुरक्षा के सभी प्रबंध अखाड़ा और झांकी संचालक भी अपने स्तर से भी सुनिश्चित करें। ऐसी व्यवस्था बनाए रखें जिससे कि किसी को कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि चल समारोह के दौरान हाथी, घोड़ा, ऊंट सहित अन्य जानवरों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

### झांकी के संबंध में निर्देश

बताया गया कि चल समारोह मिल क्षेत्र से प्रारंभ होकर मजदूर मैदान, भण्डारी मिल, श्रम शिविर, देवी अहिल्या मार्ग, एमजी रोड़, कृष्णपुरा, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग, नृसिंग बाजार चौराहा, सीतलामाता बाजार, गौराकुण्ड, खजूरी बाजार से राजवाड़ा होकर वापस अपने मिल में पहुंचेगा।

निर्देश दिये गए कि झांकियां समय पर निकले यह प्रयास किये जाये। झांकियों के निकलने का क्रम पूर्वानुसार परम्परागत रहेगा। नई झांकी को शामिल नहीं किया जायेगा। यदि निर्धारित झांकी समय से बाहर नहीं आती है तो, उसके स्थान पर अगली झांकी को आगे बढ़ा दिया जायेगा। सभी समय का पालन करें। सभी संस्थाएं अपने साथ चलने वाले अखाड़ों के नाम /पता तथा उनके उस्ताद/ खलिफाओं की सूची सहायक पुलिस आयुक्त परदेशीपुरा को उपलब्ध करायें। झांकी निकालने वाली संस्थाओं में निजी वाहनों के काफिले को सम्मिलित नहीं किया जाये, अगर निजी वाहन झांकियों के बीच चलते पाये गये तो उन्हें झांकी से अलग किया जायेगा। सभी आयोजक अपने पूर्ण नाम/पते, अखाड़े के नाम/पते भी सहायक पुलिस आयुक्त परदेशीपुरा को देंवे ।

बताया गया कि मध्यप्रदेश विद्युत मंडल तथा लोक निर्माण विभाग (विद्युत एवं संधारण) के कार्यपालन यंत्री, निरीक्षक, विद्युत सुरक्षा प्रतिदिन एस०डी०एम० मल्हारगंज तथा सहायक पुलिस आयुक्त, परदेशीपुरा के साथ झांकियां जहाँ निर्माण हो रही है, वहां जाकर यह देखेंगे कि, जिस वाहन पर झाँकी बनाई जा रही है, उसके टायर-ट्यूब स्टेपनी आदि सही है। आयोजकों के पास जनरेटर की पर्याप्त व्यवस्था तथा वायरिंग आदि ठीक हो, जिससे चल समारोह के दौरान कोई बाधा उत्पन्न न हो। संबंधित एस०डी०एम० एवं सहायक पुलिस आयुक्त झांकी निर्माण स्थल पर जाकर यह भी देखेंगे कि कोई ऐसा दृश्य तो प्रदर्शित नहीं किया जा रहा है जिससे किसी वर्ग या व्यक्ति विशेष की भावना को ठेस पहुंचे। यदि ऐसा किया जा रहा हो, तो आयोजकों को लिखित सूचना देकर आवश्यक सुधार करवाएंगे।

### अखाड़ों के संबंध में निर्देश

निर्देश दिए गए कि अखाड़े में अप्रशिक्षित व्यक्तियों व अप्रशिक्षित नाबालिगों को शामिल नहीं किया जाये। झांकी के साथ जो अखाड़े रहते हैं, प्रत्येक अखाड़े के साथ अधिकतम एक बैलगाड़ी एवं एक ठेला गाड़ी से अधिक वाहन नहीं रहें। यदि असीमित संख्या में घोड़ा-गाड़ी, ठेले निकालते हैं तो, उन्हें रोका जायेगा। हाथी, ऊंट, आदि को सम्मिलित करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। अखाड़े किस झांकी से संबंधित है, इसकी जानकारी सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा रखी जायेगी। निर्देश दिए गए कि अखाड़े के सदस्यों द्वारा अखाड़े का नाम अंकित की हुई बनियान, पोषक, बैज उपलब्ध करवाये जाये, जिससे अखाड़े के सदस्यों को पहचाना जा सके। अखाड़े के सदस्यों को नियंत्रित करने की जवाबदारी खलीफा/उस्ताद की रहेगी अखाड़े में सम्मिलित व्यक्तियों द्वारा नशा या मद्यपान चल समारोह के दौरान नहीं किया जाये। यदि कोई व्यक्ति नशा करता हुआ पाया जाता है तो संबंधित पुलिस अधिकारी द्वारा उसे जुलूस से बाहर करने का अधिकार रहेगा।

बताया गया कि अखाड़े में धारदार हथियार लेकर चलना वर्जित होगा। अखाड़े के खलीफा तलवार को केवल प्रतीक के रूप में लेकर जुलूस में रहेंगे। तलवार के अतिरिक्त बनेटी व एक पट्टा प्रत्येक अखाड़े को लेकर चलने की अनुमति रहेगी, जिसका प्रदर्शन किया जा सकेगा। अखाड़े में हांकिया या अन्य घातक हथियार किसी के पास पाया गया, तो पुलिस द्वारा उसे जप्त किया जा सकेगा ।

निर्देश दिए गए कि ड्यूटी पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों का अखाड़े के सभी सदस्य पालन करें। समारोह के दौरान उनसे विवाद कर अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होने देवें।

अखाड़े जिस मिल की झांकी से संबंधित हो व उस मिल की झांकी के पास सायंकाल 6 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुंच जाये ताकि झांकी समय पर निकाली जा सके। विलंब से निकलने वाले अखाड़ों की अनुमति नहीं दी जायेगी। प्रमुख मार्ग पर काफी संख्या में मंच लगते हैं तथा प्रत्येक अखाड़े के कलाकार हर मंच के सामने सजा कर अधिकतम समय तक प्रदर्शन करते रहते हैं तथा झांकी काफी देर तक रुक जाती है तथा वो झांकियों के बीच में काफी अंतर हो जाता है, जिसके कारण जुलूस में विलम्ब होता है। सभी खलिफाओं का यह दायित्व होगा कि वे अखाड़े के सदस्यों को यह समझाईश दे की किसी भी स्वागत मंच पर एक-दो मिनिट से अधिक प्रदर्शन न करें। ड्यूटी पर उपस्थित पुलिस अधिकारी आगे चलने का निर्देश देवे, तो उस समझाईश का पालन किया जाये तथा स्वागत मंच पर माईक पर बोलने वाला व्यक्ति गरिमामय शब्दों का प्रयोग करें तथा अश्लील गाने आदि न गाये। जुलूस में गेप होने की दशा में अखाड़ों को ज्यादा समय नहीं दिया जाये।

मुंह से मिट्टी का तेल डालकर आग निकालने वाला खतरनाक प्रदर्शन तथा शरीर में धारदार हथियार लगाकर खून निकालने वाले प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। अखाड़े में हाथी एवं ऊँट निकालने पर प्रतिबंध रहेगा।

अखाड़े के संचालकों को यह स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि ड्यूटी पर उपस्थित कार्यपालिक दण्डाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के निर्देशों का पालन नहीं किया तो उसे जुलूस से अलग कर दिया जायेगा तथा बाद में अनुमति नहीं दी जायेगी।

## गुटखा कारोबारी से मारपीट मामले में एफआईआर

**इंदौर।** गुटखा व्यापारी किशोर वाधवानी के साथ हुई मारपीट मामले में जूनी इंदौर पुलिस ने रविवार को एफआईआर दर्ज की है। 2 जून को यूपी के कुछ व्यापारियों ने करोड़ों रुपए के लेन-देन के मामले में सड़क पर घेरकर उनकी पिटाई कर दी थी। जिसकी उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत की थी। बाद में कोर्ट में एक परिवाद भी दायर किया गया। व्यापारी के परिवाद पर 30 जुलाई को जांच के आदेश हुए थे। इस पर पुलिस ने 6 अगस्त को रिपोर्ट सौंपी थी। अब कोर्ट ने सौरभ पुत्र रामेश्वर प्रसाद सिंघल निवासी हटिया कानपुर, महेश पुत्र शिववली गुप्ता निवासी मूलगंज, धुव पुत्र शंकरलाल अवस्थी निवासी लखनपुर, शिवकुमार पुत्र रामकैलाश गुप्ता निवासी न्यू अग्रवाल नगर सपना संगीता के खिलाफ मारपीट करने और जबरन अपने साथ ले जाने के मामले में केस दर्ज करने के आदेश जारी हुए।

## पब के बाहर मारपीट 5 पकड़ाए

**इंदौर।** लसूडिया इलाके के स्कीम नंबर 78 स्थित मार्क पब के बाहर रविवार देर रात दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि बदमाशों ने एक युवक पर चाकू और बेल्ट से हमला कर दिया। घटना का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जिसमें 4–5 युवक पीड़ित को बेरहमी से पीटते नजर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही लसूडिया पुलिस मौके पर पहुंची और कई युवकों को हिरासत में लिया। टीआई तारेश सोनी ने बताया कि पब के बाहर गोविंद भाटी और प्रसिद्ध भाटी का अलीराजपुर निवासी शिवम हुडवे, उसके भाई प्रशांत, प्रदीप, लक्की डाबर और उनके साथियों से विवाद हुआ था। इसी दौरान आरोपियों ने गोविंद और प्रसिद्ध को सड़क पर पटककर जमकर मारपीट की। हमले में गोविंद को चाकू से चोट आई, जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**रैबीज मुक्त अभियान शुरू**

# आवारा कुत्तों को लगाए जा रहे एंटी रैबीज टीके

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** रैबीज मुक्त शहर बनाने के लिए पशु कल्याण संस्थाओं ने मिलकर सोमवार को राजबाड़ा से रैबीज मुक्त अभियान शुरू कर दिया है। इस दौरान शहर में आवारा कुत्तों को एंटी रैबीज टीके लगाए जा रहे हैं। यह अभियान वर्ल्ड-वे वेटरनरी सर्विस के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। अभियान में नीडीटेल फाउंडेशन, पीपुल फॉर एनिमल इंदौर, जसराज एनिमल शेल्टर और अन्य पशु कल्याण संस्थाएं शामिल हैं। अभियान के शुभारंभ पर नीडीटेल फाउंडेशन के संस्थापक कार्तिक तंवर, पीएफए इंदौर



की अध्यक्ष प्रियांशु जैन, जसराज एनिमल शेल्टर की संचालिका कोमल डोलेकर सहित कई लोग मौजूद रहे। स्वयं सेवक निखिल, स्मिता, हर्ष, भारत, वैश्वनी, साधना एवं दिव्या ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में कहा कि जिन कुत्तों को पकड़ा जाता है, उनकी नसबंदी और टीकाकरण कर जहां से उठाया है, वहीं वापिस छोड़ दिया जाए। हालांकि, रेबीज से संक्रमित और आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखा जाए। कोर्ट ने आदेश दिया कि कुत्तों को पब्लिक प्लेस में खाना न दिया जाए और नगर निगम इसके लिए अलग जगह बनाए। कोर्ट ने कहा कि ये आदेश दिल्ली समेत पूरे देश में लागू होगा।

# इंदौर स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम को प्रतिष्ठित आईजीबीसी ग्रीन सिटी प्लेटिनम सर्टिफिकेशन प्राप्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर शहर ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की है। इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड (ISCDCL) एवं इंदौर नगर निगम (IMC) को सीआईआई-इंडियन ग्रीन बिल्डिंग कांउसिल (IGBC) ग्रीन सिटी प्लेटिनम सर्टिफिकेशन से सम्मानित किया गया है। यह गौरव प्राप्त कर इंदौर मध्य प्रदेश का पहला एवं पूरे देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हो गया है, जिसे यह अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान मिली है।**



यह उपलब्धि इंदौर के सतत एवं हरित विकास की दिशा में पिछले कई वर्षों से किए गए सुनियोजित प्रयासों, पर्यावरण हितैषी पहल और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का परिणाम है। बीते छह माह में शहर द्वारा किए गए कार्यों एवं पहलों से संबंधित विस्तृत डाटा प्रमाणन संस्था IGBC के साथ साझा किया गया, जिसके उपरांत यह प्रतिष्ठित मान्यता प्रदान की गई।

IGBC ग्रीन सिटी रेटिंग के अंतर्गत किसी शहर का मूल्यांकन मास्टर प्लानिंग, जल प्रबंधन, ऊर्जा संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, ई-गवर्नेंस, हरित आवरण, सार्वजनिक परिवहन एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विभिन्न आयामों पर किया जाता है। इंदौर ने इन सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह शीर्ष सम्मान हासिल किया है।

यह प्रमाण पत्र श्री सुनील चोरडिया, अध्यक्ष, सीआईआई राष्ट्रीय समिति (एमएसएमई) द्वारा इंदौर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आशीष सिंह (आईएएस) एवं नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा (आईएएस) को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मान मध्यप्रदेश सरकार एवं इंदौर प्रशासन की सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। इंदौर ने हरित शहर के रूप में अपने आपको स्थापित कर न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया है।

### मुख्य बिंदु

1. इंदौर मध्यप्रदेश का पहला एवं देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल, जिसे IGBC ग्रीन सिटी प्लेटिनम सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ।
2. जल, ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन, ई-गवर्नेंस एवं हरित बुनियादी ढांचे में उत्कृष्ट कार्य।
3. सतत शहरी विकास व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नागरिकों और प्रशासन का संयुक्त प्रयास।
4. यह सम्मान इंदौर को भारत के उन चुनिंदा 32 शहरों की श्रेणी में शामिल करता है, जिन्हें IGBC ने हरित और टिकाऊ शहरी विकास हेतु मान्यता प्रदान की है।
5. सीआईआई-इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (IGBC) विश्व स्तर पर ग्रीन बिल्ट एनवायरनमेंट के क्षेत्र में अग्रणी संस्था है। इसकी स्थापना के बाद से अब तक लगभग 16,300 परियोजनाएं, 14.15 बिलियन वर्ग फुट ग्रीन बिल्डिंग क्षेत्रफल के साथ इस प्रणाली से जुड़ चुकी हैं। आज भारत के लगभग 90% ग्रीन बिल्डिंग प्रोजेक्ट्स IGBC की रेटिंग प्रणाली अपना रहे हैं।
6. यह उपलब्धि इंदौर शहर की पहचान को और सशक्त बनाती है तथा हरित, स्वच्छ और सतत विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्रदान करती है।

---

कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

## अंतरिक्ष यात्री बनकर सड़कों के गड्ढों का किया निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कांग्रेस ने सड़कों पर गड्ढों को लेकर अनोखा विरोध-प्रदर्शन किया। सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदौर विधानसभा 3 के मधु मिलन चौराहे पर अंतरिक्ष यात्री की वेषभूषा में गड्ढों का निरीक्षण किया। कांग्रेस नेताओं ने गड्ढों पर बीजेपी के झंडे और लाल निशान लगाकर नगर निगम के भ्रष्टाचार को उजागर किया। इस दौरान बीजेपी और महापौर के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई।**



प्रदर्शन के दौरान अंतरिक्ष यात्री बने पिंटू जोशी ने कहा कि इंदौर नगर निगम की लापरवाही के कारण शहर में चांद की सतह जैसे गड्ढे हो गए हैं। ऐसा कोई गली-मोहल्ला नहीं जहां गड्ढे, जल जमाव और ट्रैफिक जाम न हो। जनता का पैसा नेताओं की जेब में जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम लोग हिचकोले खाते हुए इन सड़कों पर रेंग रहे हैं। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी शहर की हालत बदतर होती जा रही है। कांग्रेस नेता शेलू सेन ने बताया कि सड़कों की दुर्गति के विरोध में इन गडढों का नामकरण विधायक और महापौर के नाम से किया गया है।

---

महिलाओं पर बयान को लेकर विरोध

## भाजपा महिला मोर्चा का गांधी भवन पर प्रदर्शन

कांग्रेस ने कहा-फ्लॉप शो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पर प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ता पीएम नरेंद्र मोदी की मां पर की गई टिप्पणी का विरोध कर रही थी। महिला मोर्चा का आरोप है कि पीसीसी चीफ भी महिलाओं को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। इस दौरान महिला मोर्चा कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय पर इकट्ठा हुईं और नारेबाजी की। कांग्रेस ने इसे फ्लॉप शो बताया।**




भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष शैलजा मिश्रा ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में इंदौर के सभी विधानसभा क्षेत्रों से कार्यकर्ता शामिल हुईं। उनके हाथ में पोस्टर थे। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिलाओं पर बयान का भी विरोध किया गया और इस्तीफे की मांग की। पटवारी और राहुल की तस्वीरें जूतों से रौंदी गई। इस प्रदर्शन में कार्यकर्ता जवाहर मार्ग माता मंदिर से, विधानसभा क्षेत्र दो की कार्यकर्ता चंद्रभागा होते हुए गुरुद्वारे मार्ग से, विधानसभा क्षेत्र तीन की कार्यकर्ता राजवाड़ा पीवाय रोड, विधानसभा क्षेत्र चार की कार्यकर्ता मच्छी बाजार मार्ग, विधानसभा क्षेत्र पांच की कार्यकर्ता पंढरीनाथ मंदिर, राऊ विधानसभा क्षेत्र की कार्यकर्ता हरसिद्धि अटल पुल से एकत्रित होकर मच्छी बाजार होते हुए दोपहर एक बजे गांधी भवन पहुंचीं।

---

फॉर्म हाउस पर डकैती का पर्दाफाश

## सीसीटीवी फुटेज से 10 बदमाशों की पहचान चार पकड़ाए, पूछताछ जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नावदा पंथ में किसान मोतीलाल वाधवानी के फॉर्म हाउस में हुई डकैती का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में देवास और जावरा ताल इलाके के 10 बदमाशों की पहचान की गई है। 4 को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपियों ने 24-25 अगस्त की दरमियानी रात वारदात को अंजाम दिया था। डीसीपी जोन-4 आनंद कलादगी की टीम ने यह गुत्थी सुलझाई है। पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों तक पहुंची और रैकी कर उन्हें दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि देवास के कंजर गिरोह के मास्टरमाइंड नवीन और जावरा ताल क्षेत्र के बदमाशों ने मिलकर डकैती की योजना बनाई थी। आरोपियों के पास से एक ईको कार भी बरामद की गई है, जिसका इस्तेमाल किसान के घर पहुंचने के लिए किया गया था। अब पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार, बदमाशों को भनक लगी थी कि किसान के पास खेती से जुड़े कामकाज के लिए लाखों रुपए आए हैं। इसी लालच में उन्होंने वारदात को अंजाम दिया।

---

सराफा चौपाटी को लेकर 9 सदस्य कमेटी बनी

## श्राद्ध पक्ष के बाद लगेंगी पारंपरिक दुकानें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सराफा चौपाटी मामले का समाधान निकालने के लिए सोमवार को महापौर ने बैठक कर 9 सदस्यों की कमेटी बनाई है। कमेटी में खुद महापौर भी शामिल हैं। समिति 5 से 7 दिनों में सभी विषयों पर रिपोर्ट सबमिट करेगी। श्राद्ध पक्ष के बाद सराफा चौपाटी में पारंपरिक दुकानें लगेंगी और नए रूप में सराफा चौपाटी नजर आएगी।**

सोमवार दोपहर को इंदौर चांदी-सोना-जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बैठक की। बैठक में सराफा चौपाटी को लेकर निर्णय कर लिया गया। बता दें कि सराफा चौपाटी को उसके मूल स्वरूप, धरोहर महत्व और सुरक्षा के साथ संरक्षित करने के लिए नगर निगम प्रशासन ने पहल की है। सराफा एसोसिएशन व व्यापारियों ने महापौर से चर्चा कर सुझाव दिए। व्यापारियों ने कहा कि चौपाटी इंदौर की पहचान है और इसे उसी स्थान पर ही संरक्षित व विकसित किया जाए।

महापौर भार्गव ने बताया कि सभी पक्षों की राय लेकर 9 सदस्यों की कमेटी बनाई जा रही है। इसमें 3 सदस्य सोना-चांदी व्यापारियों के, 3 चौपाटी व्यापारियों के और 3 सदस्य निगम अधिकारियों व एमआईसी सदस्यों के होंगे। महापौर भी समिति में शामिल रहेंगे। समिति 5 से 7 दिनों में स्वरूप, समय-निर्धारण और सुरक्षा पर खाका तैयार करेगी।

महापौर ने कहा- सराफा के व्यापारी इंदौर की पहचान हैं। उनके सहयोग से ही शहर ने देशभर में अलग छवि बनाई है। शहरहित में उनके निर्णय के लिए मैं पूरे इंदौर की ओर से आभार प्रकट करता हूं। बैठक में यह भी सुझाव आया कि चौपाटी का संचालन समय सोना-चांदी व्यापार के समय के अनुरूप तय किया जाए। फायर सुरक्षा और पारंपरिक दुकानों के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए समिति इस पर निर्णय लेगी। महापौर ने स्पष्ट किया कि इंदौर संवाद और समन्वय का शहर है। व्यापारियों के सहयोग से चौपाटी को श्राद्ध पक्ष के बाद पारंपरिक दुकानों के साथ एक सुरक्षित, सुंदर और अनुशासित स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इंदौर चांदी-सोना-जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुम सोनी पूरी तैयारी के साथ पहुंचे थे। वे अपने साथ कई सुझाव लेकर आए थे। उन्होंने कई तरह की बातें सराफा चौपाटी को लेकर महापौर के सामने रखीं। जिसमें मुख्य रूप से सराफा चौपाटी रात 10 बजे बाद लगे।

# प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों तक हेलीकॉप्टर से पहुंचाएंगे पर्यटकों को : सीएम डॉ. यादव

## कानून-व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता, असामाजिक तत्वों का करेंगे सफाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश कई मामलों में देश में अव्वल है। प्रदेश को और आगे ले जाना है। हमारी सरकार खेती-किसानी, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण और नए-नए उद्योग धंधों की स्थापना के जरिए प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। हमारी सरकार सबके साथ और सहयोग से सबके विकास के लिए साझा प्रयासों एवं सबको पूरे विश्वास में लेकर विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल में मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित 'इमर्जिंग बिजनेस कॉन्क्लेव (भोपाल चैप्टर)' में मीडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस कान्क्लेव में मध्यप्रदेश की विशेषताओं के बारे में विस्तार से चर्चाकर प्रदेश के



नवनिर्माण एवं बेहतरी के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया संवाद में कहा कि हम प्रदेश के किसानों की जिंदगी बेहतर बनाना चाहते हैं। इसीलिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन से दुग्ध उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण, आधुनिक खेती के प्रोत्साहन और किसानों को सम्मान निधि देकर उनके जीवन में स्वावलंबन लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग रोजाना नए-नए उद्योग धंधों की स्थापना हो रही है। इससे हमारे युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धार जिले में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन होना है। इससे पहले बुधवार, 3 सितम्बर को नई दिल्ली में पीएम मित्रा पार्क में निवेश के लिए इच्छुक निवेशकों के साथ मीटिंग एवं वन-टू-वन चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन सहित मेडिकल टूरिज्म के साथ फारेस्ट और वाइल्ड लाइफ टूरिज्म की ओर स्पेशल फोकस किया जा रहा हैं। प्रदेश के 13 प्रमुख तीर्थस्थानों में स्थायी प्रकार के निर्माण कार्यों एवं नियमित प्रबंधन कर इनका विकास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमहाकाल लोक के निर्माण के बाद उज्जैन में तेजी से टूरिज्म बढ़ा है। वर्ष 2024 में करीब 7 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उज्जैन आए। इसी से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार अब प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों में पर्यटकों को हेलीकाप्टर के जरिए पहुंचाने का प्रबंध कर रही है। बहुत जल्द हम प्रदेश में इसकी शुरूआत करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मजबूत कानून व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

असामाजिक और गुंडा तत्वों के लिए प्रदेश में कोई स्थान नहीं है। कानून को अपने हाथ में लेने वाले ऐसे तत्वों का प्रदेश से सफाया कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम राज्य की बेहतरी के लिए नए फैसले लेने में पीछे नहीं हटेंगे। लोककुभावन वादों की जगह हम जनहित के निर्णयों पर तेजी से आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया संवाद कार्यक्रम में एक निजी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे हाईजीन प्रोग्राम के पोस्टर्स का विमोचन किया और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, मीडिया समूह के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारी-प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# प्रदेश में एक दर्जन से ज्यादा जिलों में बड़ा बदलाव तय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में सरकार जल्द ही बड़े स्तर पर अधिकारियों को इधर उधर करने की तैयारी में है। इसमें युवा अधिकारियों को नई जिम्मेदारी और खराब परफार्मेंस वाले कलेक्टरों को हटाने की तैयारी है। कई जिलों में अधिकारियों के पद लंबे समय से खाली हैं, वहां प्रभारी के भरोसे काम चल रहा है। उज्जैन में एडिशनल कमिश्नर रत्नाकर झा एक महीने से प्रभारी कमिश्नर के रूप में काम कर रहे हैं। यहां संभागयुक्त संजय गुप्ता के पिछले माह सेवानिवृत्त निवृत्त होने के बाद किसी की पदस्थापना नहीं हुई है। वहीं, कई जिलों में जिला पंचायत सीईओ के पद भी खाली हैं। जानकारी के अनुसार सितंबर माह के पहले सप्ताह में नई पदस्थापना के आदेश जारी हो सकते हैं। इंदौर को भी नया कलेक्टर मिल सकता है। वर्तमान कलेक्टर आशीष सिंह को उज्जैन का संभागायुक्त बनाया जा सकता है। वहीं, अच्छा परफार्मेंस नहीं देने वाले करीब एक दर्जन से ज्यादा जिलों के कलेक्टरों को हटाने की भी चर्चा है। इनमें कई कलेक्टरों की जनप्रतिनिधियों से मिली शिकायत के बाद उनकी कार्यप्रणाली और उनके कामकाज का आकलन किया गया है। साथ ही कई कलेक्टर को लंबा समय हो गया, उनको अब नई पदस्थापना दी जाएगी। फेरबदल की तैयारी केवल जिलों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सचिवालय स्तर पर भी बदलाव की संभावना है। बताया जा रहा है कि प्रमुख सचिव और सचिव स्तर पर भी अधिकारियों की अदला-बदली की जा सकती है। गृह विभाग के अपर सचिव जेएन कंसोटिया सेवानिवृत्त हो गए है, उनकी जगह पर नए गृह सचिव की भी पदस्थापना हो सकती है। चर्चा है कि अशोक वर्णवाल या अनुपम राजन को गृह विभाग की जिम्मेदारी दी जा सकता है।

### जिलों में नए चेहरों को मौका

उच्च स्तर पर हुई बैठकों में यह तय किया गया है कि नए और युवा अधिकारियों को जिम्मेदारी देकर प्रशासनिक व्यवस्था में नई ऊर्जा लाई जाए। सूत्रों का कहना है कि प्रदर्शन और कार्यकुशलता को देखते हुए अधिकारियों की पदस्थापना होगी।

# भंडारे में नकली घी से बना हलुआ खाकर 250 लोग हुए बीमार

## उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद ग्रामीणों में डर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी। शिवपुरी जिले के कोलारस के ग्राम मोहराई में राधा-कृष्ण मंदिर पर राधा अष्टमी के चलते ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से धार्मिक आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान शाम को पूरे गांव में हलुए का प्रसाद बांटा गया। हलुआ का प्रसाद खाते ही महज आधे घंटे के भीतर गांव के 250 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। पूरे गांव में अचानक उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। मामले की सूचना जैसे ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय ऋषिश्वर को लगी तो उन्होंने कोलारस से चिकित्सकीय दल गांव भेजकर मौके पर ही उपचार करवाया।**

गांव में लोगों के बीमार होने की सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग का दल मौके पर पहुंचा। यहां चिकित्सकीय दल ने 175 लोगों का उपचार किया, जिसके बाद हालात कुछ सुधरे। कई ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलारस भिजवाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार हालात नियंत्रण में हैं। गांव में ही कई लोगों का इलाज जारी है।

इस चिकित्सकीय दल में डॉ. संजय राठौर (बीएमओ), डॉ. नीलेश मेहते, सीएचओ रजनी खटीक, विवेक पचौरी, मनीष



नाजगढ़ व आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि भंडारे का हलुआ बनाने के लिए कोलारस के श्याम किराना स्टोर से 250 रुपये किलो वाला घी खरीदा गया था। उसी घी से हलुआ तैयार किया गया। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि यही नकली घी बीमारी की मुख्य वजह है। बताया जा रहा है कि यह नकली ब्रांड का घी कोलारस में ही तैयार किया जा रहा है।

गांव में इतनी बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने के बाद एसडीएम कोलारस अनूप श्रीवास्तव ने खाद्य एवं औषधि निरीक्षक विष्णुदत्त शर्मा को मौके पर भेजकर श्याम किराना स्टोर से घी और अन्य खाद्य सामग्री की सैंपलिंग करवाई गई। रिपोर्ट आने के बाद मामले में उचित वैधानिक कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।

# भाजपा ने घेरे कांग्रेस दफ्तर... इंदौर, उज्जैन ग्वालियर में फूंके राहुल गांधी के पुतले

**भोपाल।** बिहार के दरभंगा में कांग्रेस के मंच से पीएम मोदी को गाली दिए जाने के विरोध में भाजपा ने मध्यप्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया है। इंदौर, उज्जैन, सीहोर, ग्वालियर और गुना समेत कई जिलों में भाजपा ने कांग्रेस कार्यालय के सामने विरोध किया। इस दौरान हंगामे की स्थिति बन गई।

ग्वालियर में एक तरफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला जलाया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस कार्यकर्ता 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगा रहे थे। इंदौर में महिला मोर्चा ने गांधी भवन पर प्रदर्शन किया। गुना में राहुल गांधी के पुतले की अर्थी निकाली गई। सीहोर में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़ गए। इसमें भाजपा का एक कार्यकर्ता घायल हो गया। ग्वालियर भाजपा और भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ता दोपहर में रैली के रूप में कांग्रेस कार्यालय के सामने पहुंचे और राहुल गांधी के साथ ही जीतू पटवारी के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। राहुल गांधी, जीतू पटवारी का



पुतला भी जलाया। इसी दौरान डीडी मॉल की ओर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं भी वहां पहुंच गए। कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के आमने-सामने आने पर हंगामा की स्थिति बन गई। उज्जैन में बीजेपी ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग कर बीजेपी कार्यकर्ताओं को रोका। बीजेपी कार्यकर्ता लगातार नारेबाजी करते रहे। वहीं बैरिकेड्स के दूसरी तरफ कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। जिससे स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। गुना में भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल गांधी के पुतले की अर्थी निकाली। महिला मोर्चा की कार्यकर्ता अर्थी को अपने कंधों पर लेकर चलीं। कांग्रेस कार्यालय के सामने ही राहुल गांधी का पुतला भी दहन किया गया। सीहोर में भी भाजपा ने कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और राहुल गांधी का पुतला जलाया। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प और धक्का-मुक्की हो गई। इसमें भाजपा का एक कार्यकर्ता घायल हो गया है।

### जीतू पटवारी पर कालिख और काले झंडे फेंके

नीमच आए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए। उन पर कालिख फेंके। उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। जीतू पटवारी सोमवार को 'वोट चोर गद्दी छोड़' यात्रा लेकर नीमच पहुंचे थे। दोपहर करीब एक बजे उनका काफिला 40 सर्किल से गुजरा। पटवारी गाड़ी के ऊपर बैठे थे। तभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। उन पर काले झंडे फेंके। फेंकी गई स्याही पटवारी पर नहीं पड़ी, लेकिन कुछ पुलिस अधिकारियों की वर्दी पर गिरी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाए। जबकि भाजपा कार्यकर्ता 'गली-गली में शोर है, राहुल गांधी चोर है' के नारे लगा रहे थे।

# 3 युवकों की पानी में डूबने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


**शिवपुरी, एजेंसी।** जिले में दो अलग अलग जगह कुएं में नहाने उतरे तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई है। इन हादसों ने जहां गांव-गांव में शोक की लहर दौड़ा दी, वहीं दो परिवारों के इकलौते चिराग बुझने से उनके घरों में मातम छा गया। कुएं में डूबकर मरने वाले युवकों में एक नाबालिग भी है। अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक दो लड़के पानी में तैरना सीखने गए थे, जबकि एक की जान बचाने में गई है। पिछोर अनुविभाग के मल्हावनी गांव में 22 वर्षीय अरविंद पाल और 18 वर्षीय रोहित रजक कुएं में समा गए। रोहित को तैरना नहीं आता था और वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वहीं पोहरी थाना क्षेत्र के नगरा गांव में 17 वर्षीय अंकेश चिढ़ार डूब गया। अंकेश को भी तैरना नहीं आता था और वह अपने दोस्तों के साथ तैरना सीखने के लिए कुएं में उतरा था।

## संपादकीय

# टैरिफ वॉर से भारत की जाति व्यवस्था तक पहुंचा

भारत-अमेरिका के बीच रोज-ब-रोज तल्खी बढ़ती जा रही है। यह तनाव पाकिस्तान के साथ सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बड़बोलेपन से शुरू होकर टैरिफ वॉर से होते हुए भारत की जाति व्यवस्था तक पहुंच चुका है। कुछ भारतीय विश्लेषकों का तो यहां तक मानना है कि अमेरिका भारतीय अवाम को सरकार के खिलाफ भड़काने की कोशिश कर रहा है। व्हाइट हाउस के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के मसले में जाति का उल्लेख किया, जो खतरे की घंटी है। याद कीजिए बांग्लादेश में अमेरिकी हस्तक्षेप से भारत के पड़ोसी देश में अराजकता फैल गई है। इंडिया टुडे में लिखे एक लेख में इस बात की तरफ इशारा किया गया है कि नोबेल पुरस्कार के लिए भारत की तरफ से ट्रंप का नाम नहीं लिए जाने की वजह से अमेरिका कहीं बांग्लादेश की तरह भारत में भी अशांति पैदा करने की कोशिश तो नहीं कर रहा। पीटर नवारो ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में सीधे कहा है कि 'ब्राह्मण' भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं और इसे 'रोकने' की जरूरत है। गौरतलब है कि सरकारें नीतिगत मामलों पर आपस में बात करती हैं। लेकिन एक सीनियर अफसर भारत के लोगों को संबोधित कर रहा है, सरकार को नहीं। यह ट्रंप प्रशासन की गलत मंशा को दिखाता है। भारत के लोगों को सीधे संबोधित करके, ट्रंप प्रशासन भारत में लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को कमजोर कर रहा है। भारतीय नेताओं मसलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ने भारत-अमेरिका संबंधों को बेहतर बनाने के लिए काम किया है। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में जो शुरू हुआ, उसे मनमोहन सिंह ने आगे बढ़ाया। उन्होंने भारत-अमेरिका परमाणु समझौते के लिए अपनी सरकार को खतरे में डाल दिया। मोदी ने 2019 में 'अब की बार ट्रंप सरकार' नारे के साथ ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए समर्थन भी किया था। मगर ट्रंप प्रशासन हर हफ्ते भारत के खिलाफ तल्खी को हवा दे रहा है। इसकी असली वजह यह है कि भारत ने ट्रंप की नोबेल शांति पुरस्कार की उम्मीदों का समर्थन नहीं किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले पीएम मोदी को यह झूठा दावा करके कमजोर करने की कोशिश की कि उन्होंने मई में भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराया था। फिर उनके प्रशासन ने रूस-यूक्रेन संघर्ष को 'मोदी का युद्ध' बताकर सरकार और लोगों के बीच फूट डालने की कोशिश की। ट्रंप प्रशासन ने रूसी कच्चे तेल के साथ व्यापार करने पर दंडात्मक शुल्क और जुर्माना लगाया। अमेरिकी सरकार की कार्रवाइयों का खामियाजा भारतीयों को भुगतना पड़ रहा है, जिससे 'भारत के कुछ अमीर परिवारों' को फायदा हो रहा है। ट्रंप और उनके साथियों ने जाति और वर्ग को लाकर इसे और भी बदतर बना दिया है, और भारतीयों को सीधे संबोधित कर रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने सार्वजनिक रूप से पुष्टि की है कि भारत पर लगाए गए 50% के रिकॉर्ड- टैरिफ का रूसी तेल से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि इसका कारण भारत द्वारा ट्रंप के झूठ का पर्दाफाश करना है। ट्रंप और उनकी कैबिनेट खुले तौर पर उनके लिए नोबेल शांति पुरस्कार की पैरवी कर रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच मई में युद्धविराम कराने का उनका दावा उस पुरस्कार के लिए मुख्य आधार होता। पीएम मोदी उन झूठों का समर्थन करने से दूर रहे, लेकिन पाकिस्तान ने 'डैडी' के नोबेल के सपनों का समर्थन किया। भारत पर 50% शुल्क लगाया गया है; पाकिस्तान 19% के साथ बच गया है। विश्लेषक मानते हैं कि ट्रंप प्रशासन भारतीयों को कमजोर करने के लिए उकसा रहा है। भारतीय लोगों की कीमत पर ब्राह्मणों की मुनाफाखोरी की अपनी टिप्पणी के साथ, नवारो भारत की पुरानी दरारों का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप प्रशासन भारत के खिलाफ टैरिफ को जाति और वर्ग दोनों का मामला बना रहा है। यह जनता के लिए एक खुली चुनौती है। जैसे-जैसे ट्रंप और उनके साथी भारत के खिलाफ हमलों को बढ़ाते जा रहे हैं, कोई केवल यह सोच सकता है कि क्या अमेरिकी राजनीतिक खेल जाति से सांप्रदायिकता की ओर बढ़ेगा? अमेरिका का देशों में अराजकता फैलाने का इतिहास रहा है। अफ्रीका से लेकर मध्य पूर्व तक और भारत के पिछवाड़े तक, CIA के शासन परिवर्तन में हस्तक्षेप के उदाहरण कोई रहस्य नहीं हैं। ट्रंप पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर को देश के नागरिक नेतृत्व के खिलाफ बढ़ावा दे रहे हैं, जबकि अमेरिका ने बांग्लादेश में शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई क्योंकि उसने उन्हें भारत समर्थक और डीसी के रणनीतिक हितों के लिए हानिकारक माना। अब, बांग्लादेश पूरी तरह से अराजकता में डूब गया है, अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं और राजनीतिक हिंसा जारी है जिसके कारण दर्जनों मौतें हो रही हैं।

isha



**जीवन में, समापन रेखा के पीछे न भागें। जीवन-यात्रा स्वयं ही मंजिल है।**

– जग्गी वासुदेव

## Health is Wealth

# कार्डियोलॉजिस्ट ने बताया दिल की सेहत के लिए नंबर 1 खतरा

## जो कोलेस्ट्रॉल से बढ़कर डैमेज कर रहा हार्ट



को रोना के बाद हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों ने सबका ध्यान दिल की सेहत की ओर खींचा है। दिल की बीमारी होने में कोलेस्ट्रॉल एक बड़ी वजह मानी जाती है। अब कार्डियोलॉजिस्ट ने बताया है कि कोलेस्ट्रॉल से ज्यादा दिक्कत एक ऐसी चीज करती है जिसे हम अनजाने में रोज खा रहे हैं और यह दिल को नुकसान पहुंचा रही है। यह चीज है चीनी।

### ◆ कोलेस्ट्रॉल से ज्यादा खतरनाक चीनी

रशियन कार्डियोलॉजिस्ट मित्री यारानोव इंस्टाग्राम पर हार्ट ट्रांसप्लांट डॉक्टर के नाम से हैं। उन्होंने बीते दिनों एक पोस्ट किया जिसमें बताया कि दिल की सेहत को नुकसान पहुंचाने वाला सबसे बड़ा गुनहगार कौन है। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा है, नंबर 1 चीज जो आपके चुपचाप आपके दिल को खराब कर रही है, वो कोलेस्ट्रॉल नहीं है। उन्होंने पोस्ट के लास्ट में बताया है कि चीनी से हार्ट को बड़ा खतरा है।

### ◆ हेल्दी चीजों से भी खतरा

डॉक्टर आगे लिखते हैं, एक कार्डियोलॉजिस्ट के तौर पर मैंने देखा कि दिल की बीमारी सिर्फ कोलेस्ट्रॉल से ही नहीं होती बल्कि एक कॉमन चीज (चीनी) है जो कि ड्रिंक्स, स्नैक्स, साउसेज और कुछ हेल्दी खाने की चीजों में भी होती है। यह दिल को नुकसान पहुंचा रही है और डायबिटीज को भी बढ़ावा दे रही है।

### ◆ एक्सरसाइज से भी नहीं टलेगा खतरा

आप डेली ज्यादा चीनी वाली चीज एक बार खाकर दिल की बीमारी का खतरा 18 फीसदी बढ़ा लेते हैं। अगर दो या इससे ज्यादा लेते हैं तो यह खतरा 21 परसेंट तक बढ़ जाता है, भले ही आप एक्सरसाइज करते हों। 2025 में शोधकर्ताओं ने देखा कि इसे ज्यादा खाने से खासकर अगर ये अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड में है तो ये दिल की बीमारी का खतरा 17 फीसदी तक बढ़ाती है, कोरोनरी आर्टरी डिसीज का खतरा 23 परसेंट और स्ट्रोक का खतरा 9 फीसदी तक बढ़ा देती है। विश्व में दिल की बीमारी के नए 1 मिलियन केसेज की वजह यही है।

### ◆ हो सकती हैं ये दिक्कतें

इससे इन्फ्लेमेशन बढ़ता, ब्लड प्रेशर बढ़ता, कोलेस्ट्रॉल और बिगड़ जाता है और ग्लूकोज का नियंत्रण बिगड़ जाता है। यह हार्ट और पैंकियाज दोनों को नुकसान पहुंचाती है। डॉक्टर ने बताय कि अमेरिकन हार्ट असोसिएशन के मुताबिक पूरे दिन में महिलाओं को सिर्फ 6 चम्मच चीनी लेनी चाहिए। यहां बताते चलें कि आप जो खाना खाते हैं वो भी शरीर में चीनी में कन्वर्ट होता है। लिहाजा अलग से जो चीनी खा रहे हैं उस पर कंट्रोल करना होगा।

## Uttarpradesh

# बांध तक टूट गया, बाढ़ आई, महाजाम लगा... गुरुग्राम का तो बुरा हाल हो गया

**गुरुग्राम , (एजेंसी)** गुरुग्राम में सोमवार दोपहर बाद मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात हो गए। गांव कादरपुर में अरावली पर्वत श्रृंखला की तरफ बने बांध के टूटने से पांच से छह फीट तक पानी भर गया। जलभराव में फंसी एसयूवी कार में सवार तीन युवक-युवतियों को ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की मदद से बाहर निकाला। इस बारिश ने जीएमडीए और गुरुग्राम नगर निगम के बारिश के पानी की निकासी के दावों की पोल खोलकर रख दी।

गांव कादरपुर में तो हालात बद से बदतर हो गए। शाम करीब छह बजे इस गांव में अरावली पर्वत श्रृंखला की तरफ बना बांध टूट गया। इससे गांव में भारी जलभराव



की स्थिति बन गई। एक एसयूवी कार जलभराव में फंस गई। ग्रामीण इन्हें निकालने के लिए ट्रैक्टर लेकर पहुंचे, लेकिन ट्रैक्टर बंद हो गया। इसके बाद दूसरे ट्रैक्टर की मदद से इन्हें जलभराव से बाहर निकाला गया। कई घरों में जलभराव की स्थिति बन गई।

इस बांध के टूटने से आसपास लगते गांव उल्लावास, गांव मैदावास, सेक्टर-61, 62, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सुशांत लोक दो और तीन में भारी जलभराव की स्थिति बन गई। सुशांत लोक तीन में कई घरों में पानी भर गया। ग्रामीणों ने बताया कि कादरपुर के बरसाती नालों पर बिल्डरों ने कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों ने कुछ बरसाती नालों पर झुग्गियां और कमरे बना दिए हैं। इस वजह से गांव को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा है।

## Karnataka

# लिव-इन पार्टनर को जिंदा जला डाला

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** बेंगलुरु में हत्या का एक बेहद खौफनाक मामला सामने आया है, जहां एक शख्स अपनी लिव-इन पार्टनर के अलग होने पर बेहद नाराज था. इसी बात को लेकर पहले उन दोनों के बीच झगड़ा हुआ और फिर उस शख्स ने गुस्से में अपनी महिला लिव-इन पार्टनर को पेट्रोल डालकर आग लगा दी. बेंगलुरु पुलिस ने सोमवार को बताया कि एक 35 वर्षीय महिला को उसके लिव-इन पार्टनर से अलग होने की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी. आरोपी ने झगड़े के बाद महिला पर पेट्रोल डाल दिया और उसे आग के हवाले कर दिया. जिससे महिला की जिंदा जल जाने के कारण दर्दनाक मौत हो गई. यह घटना 30 अगस्त को इलेक्ट्रॉनिक सिटी पुलिस थाना क्षेत्र में हुई. मृतका की पहचान वनजाक्षी के रूप में हुई है. पुलिस ने बताया कि आरोपी एक कैब चालक है, जिसकी पहचान विट्ठल (52) के तौर पर हुई है. उसे इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है. प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि विट्ठल शराब का आदी था.

## Hyderabad

# महबूबनगर हादसा : बस-लॉरी टक्कर में 4 मृत, 5 घायल

**हैदराबाद , (एजेंसी)** महबूबनगर जिले के अड्डाकुला मंडल में आज तड़के निजी बस और लॉरी के बीच जोरदार भिड़ंत में 4 लोगों की दर्दनाक मौतें हो गई, जबकि 5 अन्य भी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल देर रात हैदराबाद से प्रोद्दातुर की ओर जा रही सीवीआर प्राइवेट ट्रैवल्स की बस व लॉरी के बीच टक्कर हो गई। घटना में बस के क्लीनर मोहम्मद हसन (35), नंद्याल निवासी अशराफ़ उन्नीस (70), प्रोद्दातुर की एलम्मा (40) समेत एक अन्य महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पाँच यात्री गंभीर रूप



से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के समय बस में कुल 32 यात्री सवार थे। बताया गया कि दोनों भारी वाहनों के टकराते ही तेज आवाज हुई और चारों ओर चीख-पुकार मच गई। सड़क दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया। जानकारी मिलने के बाद जेडचर्ला पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर कमलाकर राव, अड्डाकुला पुलिस स्टेशन के एसआई श्रीनिवास और भूतपुर पुलिस स्टेशन के एसआई चंद्रशेखर ने घटनास्थल का दौरा करते हुए जेसीबी, क्रेन की मदद से वाहनों को हटाकर रास्ता फिर से बहाल किया।

## Punjab

### पंजाब में बाढ़ से डूबे 1300 गांव...

# उफनती सतलज-ब्यास-रावी नदियों और बारिश ने बढ़ाई लोगों की मुश्किल



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पंजाब पिछले एक महीने से भीषण बाढ़ संकट से जूझ रहा है. 1 अगस्त से अब तक बाढ़ के कारण राज्य में 30 लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 2.56 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं. राज्य सरकार ने इसे दशकों की सबसे गंभीर प्राकृतिक आपदा करार दिया है. सूबे में सतलुज, ब्यास और रावी नदियों के उफान के साथ मौसमी नालों में बढ़े जलस्तर से कई जिलों में भारी तबाही मची है. बाढ़ से सबसे ज्यादा असर अमृतसर में देखा गया है, जहां 35,000 लोग प्रभावित हुए हैं. इसके बाद फिरोजपुर में 24,015, फाजिल्का में 21,562, पठानकोट में 15,053, गुरदासपुर में 14,500, होशियारपुर में 1,152, एसएएस नगर में 7,000, कपूरथला में 5,650, मोगा में 800, जालंधर में 653, मानसा में 163 और बरनाला में 59 लोग प्रभावित हुए हैं. राज्य सरकार के बुलेटिन के मुताबिक, सबसे ज्यादा 6 मौतें पठानकोट में दर्ज की गई हैं. अमृतसर, बरनाला, होशियारपुर, लुधियाना, मानसा और रूपनगर में 3-3 लोगों की मौत हुई. बठिंडा, गुरदासपुर, पटियाला, मोहाली और संगरूर में 1-1 मौत दर्ज की गई. पठानकोट में तीन लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं. अब तक 15,688 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है. सबसे ज्यादा 5,549 लोगों को गुरदासपुर में बचाया गया, जबकि फिरोजपुर में 3,321, फाजिल्का में 2,049, अमृतसर में 1,700 और पठानकोट में 1,139 लोगों को बाढ़ प्रभावित इलाकों से निकाला गया है.

## खेल

# महिला वनडे विश्व कप में इनामी राशि का नया इतिहास चार गुना की बढ़ोतरी, विजेता टीम को 39.55 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली। आईसीसी ने सोमवार को घोषणा की कि आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में विजेता टीम को अब तक की सबसे बड़ी इनामी राशि दी जाएगी। इस बार चैंपियन टीम को 4.48 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 39.55 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो पिछले संस्करण की इनामी राशि (1.32 मिलियन डॉलर यानी 11.65 करोड़ रुपये) से लगभग चार गुना ज्यादा है।**

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाला यह 13वां संस्करण कुल आठ टीमों के बीच खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट की कुल प्राइज मनी 13.88 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 122.5 करोड़ रुपये) होगी, जो 2022 में न्यूजीलैंड में हुए पिछले वर्ल्ड कप (3.5 मिलियन डॉलर यानी 31 करोड़ रुपये) से लगभग तीन गुना



ज्यादा है। यह इनामी राशि पुरुष वर्ल्ड कप 2023 (10 मिलियन डॉलर यानी 88.26 करोड़ रुपये) से भी ज्यादा है।

**पुरुषों की विजेता टीम से तुलना-** 2023 में हुए पुरुषों के वनडे विश्व कप की विजेता टीम ऑस्ट्रेलिया को 33.31 करोड़ रुपये मिले थे। वहीं, उपविजेता भारत को 16.65 करोड़ रुपये मिले थे। महिला वनडे विश्व कप की विजेता राशि इससे कहीं ज्यादा है। आईसीसी के मुताबिक, इस बढ़ोतरी का मकसद महिला क्रिकेट की लोकप्रियता को बढ़ाना और पुरुषों के बराबर सम्मान दिलाना है।

### इनामी राशि का पूरा ब्योरा

विजेता टीमः 4.48 मिलियन डॉलर (39.55 करोड़ रुपये)

रनर-अप टीमः 2.24 मिलियन डॉलर (19.77 करोड़ रुपये)

सेमीफाइनल हारने वाली टीमें: 1.12 मिलियन डॉलर (9.89 करोड़ रुपये) प्रत्येक।

ग्रुप स्टेज जीतः 34,314 डॉलर (30.29 लाख रुपये) प्रति मैच।

5वें और 6ठे स्थान की टीमें: 7 लाख डॉलर (62 लाख रुपये) प्रत्येक।

7वें और 8वें स्थान की टीमें: 2.8 लाख डॉलर (24.71 लाख रुपये) प्रत्येक।

सभी भाग लेने वाली टीमें: 2.5 लाख डॉलर (22 लाख रुपये) प्रत्येक।

### जय शाह ने क्या कहा?

यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका के पांच स्थानों, गुवाहाटी, इंदौर, नवी मुंबई, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेला जाएगा। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने इसे महिला क्रिकेट की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा, 'यह घोषणा महिला क्रिकेट की यात्रा का एक मील का पत्थर है। इनामी राशि में चार गुना बढ़ोतरी खेल की लंबी अवधि की वृद्धि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश साफ है महिला क्रिकेटरों को यह भरोसा होना चाहिए कि इस खेल को पेशेवर रूप से अपनाने पर उन्हें पुरुषों के बराबर सम्मान और अवसर मिलेंगे।' आईसीसी ने कहा कि यह बदलाव आने वाली पीढ़ी की महिला खिलाड़ियों और प्रशंसकों को प्रेरित करेगा और महिला क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

## सिनेमा

# शाहरुख खान की अधूरी लव स्टोरी पर प्रियंका चोपड़ा ने खेला दांव, बना डाली डॉक्यूमेंट्री!



शाहरुख खान और प्रियंका चोपड़ा की फिल्मों को फैंस ने खूब प्यार दिया है. दोनों ही सितारों को लेकर इंडस्ट्री के गलियारों में कई किस्से भी वायरल हैं. लेकिन दोनों की राहें अब अलग-अलग हैं. शाहरुख जहां अपने बच्चों के करियर के साथ ही फिल्म 'किंग' में बिजी हैं तो वहीं दूसरी ओर प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड में वापसी को एक दम तैयार हैं. इस बीच किंग खान की बंद पड़ी फिल्म की कहानी पर प्रियंका चोपड़ा ने बड़ा दांव खेला है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर अपडेट आया है. जिसके मुताबिक एक्ट्रेस ने अपने 'पर्पल पेबल पिक्चर्स' के बैनर तले एक प्रोजेक्ट की शुरुआत की है. जो एक भारतीय और स्वीडिश प्रोजेक्ट है. प्रियंका बतौर प्रोड्यूसर 'द साइकिल ऑफ लव' नाम की डॉक्यूमेंट्री से जुड़ गई है. जिसे पहले कभी शाहरुख खान के साथ बनाया जाना था. 'द साइकिल ऑफ लव' डॉक्यूमेंट्री दिल्ली के एक स्ट्रीट आर्टिस्ट पीके महानंदिया के रोमांटिक सफर पर आधारित है. जिन्होंने 1977 में स्वीडन में अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने के लिए 6000 मील यानी 9656 किलोमीटर की यात्रा साइकिल से तय की थी. इस डॉक्यूमेंट्री का डायरेक्शन ऑरलैंडो वॉन आइन्सिडेल कर रहे हैं. जिनकी सीरिया वॉर पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'द व्हाइट हेल्मेट्स' ने 2017 में ऑस्कर जीता था.

## Highlights

1. **UP minister criticised for making bodyguards run while he cycles**
2. **UP minister criticised for making bodyguards run while he cycles**
3. **Landslides in Solan: 68 roads closed, power supply disrupted**
4. **Palampur's ancient temple shows cracks, leaks due to heavy rains**
5. **Dussehra is non-religious: Siddaramaiah amid row over Muslim author inaugurating festival**

# Mutual funds push DII buying towards record high amid FII selling in India's stock market



**NEW DEIHI, (Agency).** Stock purchases by domestic institutional investors are inching towards a record this year, providing a cushion to India's $5.1 trillion market as foreign institutional investors keep selling.

DIIs, mainly mutual funds and insurance firms, have bought over $59 billion worth of equities, nearing last year's all-time high. FIIs have taken out $14 billion so far in 2025 amid a rotation into China's rallying markets.

Onshore investor confidence is key, as their consistent participation supports the market while Indian equities trail regional peers. Concerns that the US's crushing 50% tariff on the country's exports could hurt growth and already weak company profits have dented sentiment. The benchmark NSE Nifty 50 Index is up about 4% this year, compared with China's 15% gain.

"Retail investors have developed a disciplined investing habit through mutual funds, and steady inflows are likely to continue," said Vikas Gupta, strategist at OmniScience Capital.

Most of the recent inflows have been driven by retail participation, with more than $3 billion pouring into recurring investment plans in recent months.

This habit of putting money into equity mutual funds is firmly entrenched, Christopher Wood, global head of equity strategy at Jefferies Financial Group Inc., wrote in a note. That's as households continue to move their money away from traditional savings options like bank deposits, gold and property.

As a result, local institutions' ownership of listed firms hit a record high of nearly 18% in March, surpassing foreign investors' stake, according to Prime Database.

To be sure, Indian equities have lagged behind their Asian peers this year, partly due to foreign outflows amid concerns over elevated valuations and expectations of muted returns.

# Nestle sacks CEO Laurent Freixe over 'romantic relationship' in office




**NEW DEIHI, (Agency).** Swiss food giant Nestle announced Monday it had dismissed Laurent Freixe as chief executive with immediate effect over an "undisclosed romantic relationship with a direct subordinate".

The multinational behind Nespresso coffee capsules and KitKat chocolate bars said Freixe's dismissal followed an investigation.

In a swift move, Nespressveo CEO Philipp Navratil was appointed to take over by his fellow board members.

"The departure of Laurent Freixe follows an investigation into an undisclosed romantic relationship with a direct subordinate which breached Nestle's code of business conduct," a statement said.

The board said it had ordered an investigation overseen by chairman Paul Bulcke and lead independent director Pablo Isla, with the support of outside counsel.

"This was a necessary decision. Nestle's values and governance are strong foundations of our company. I thank Laurent for his years of service," Bulcke said in a statement.

परिजन बोले- वो तैराकी में एक्सपर्ट था...

# पुलिस से बचने में तालाब में डूबा गैंगस्टर सलमान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गैंगस्टर सलमान लाला का शव रविवार को सीहोर में इंदौर-भोपाल सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में मिला। उस पर एनडीपीएस और हत्या के प्रयास सहित 32 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे। सोमवार सुबह भोपाल के हमीदिया अस्पताल की मॉर्चुरी में उसके शव का पीएम कराया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में सलमान के परिचित और परिजन मौजूद हैं। परिजन ने इंदौर पुलिस पर सलमान की हिरासत में हत्या करने के आरोप लगाए हैं।**

क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक, सलमान लाला एमडी ड्रग मामले में फरार चल रहा था। उसके बारे में क्राइम ब्रांच को कई दिनों से सूचना मिल रही थी। जानकारी मिली कि वह जमानत के बाद अपने भाई को लेने स्कॉर्पियो से सागर पहुंचा है।

क्राइम ब्रांच की टीम जेल से ही उसके पीछे थी। रात करीब 2 बजे इंदौर-सीहोर हाईवे पर एक तालाब के पास सलमान ने पेशाब करने के लिए अपनी स्कॉर्पियो रुकवाई,



तभी पुलिस के निजी वाहन से सिपाही उसे पकड़ने उतरे, तो सलमान ने सिपाहियों को देखकर अंधेरे में छलांग लगा दी। सलमान लाला को दो दिन तक स्थानीय पुलिस तालाब और उसके आसपास तलाशती रही। पुलिस को लगा कि वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया है, लेकिन रविवार दोपहर उसका शव पानी के ऊपर आ गया। सलमान के लापता होने के बाद उसके परिचित मीडिया में उसकी जानकारी तलाश रहे थे, जबकि क्राइम ब्रांच के अफसर उसके फरार होने की आशंका जता रहे थे।

# रामपाल की किताबें बेच रही महिलाओं पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)


**इंदौर**। धार्मिक भावना आहत करने के मामले में 2 महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। ये महिलाएं एक युवक को जबदस्ती कथित बाबा रामपाल की किताबें खरीदने के लिए प्रोत्साहित कर रही थी। युवक अनुकूल इंगले की शिकायत पर रावजी बाजार पुलिस ने समाजवाद नगर निवासी निर्मला हार्डिया और रेणुका हार्डिया पर रविवार को एफआईआर की है। दोनों महिलाओं को हिरासत में ले लिया है। अनुकूल ने पुलिस को बताया कि मैं क्षत्रिय धर्मशाला के पास से निकल रहा था। तभी दो महिलाएं मेरे पास पहुंची। उन्होंने ज्ञान गंगा नाम की किताब लेने की बात कही। इस किताब में पेज नंबर 9 पर लिखा था कि धार्मिक स्थानों पर जाना निषेध है। उपवास नहीं रखना चाहिए। गंगा स्नान भी नहीं करना चाहिए। पेज नंबर 25 पर काल को ब्रह्मा और प्रकृति को दुर्गा बताया है। काल द्वारा प्रकृति के साथ जबदस्ती करने की बात भी लिखी है। लिखा है कि इससे ही ब्रह्मा, विष्णु, महेश की उत्पति हुई है। किताब में गायत्री माता को लेकर भी गलत बातें लिखी है। सभी हिंदू धर्म के भगवान को लेकर भी गलत कहा है। इसके बाद हिंदूवादी लोगों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। तब महिलाओं को थाने बुलाया गया और उन्हें हिरासत में ले लिया है। बता दें, हरियाणा के कथित बाबा रामपाल हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

# बालकनी से गिरी युवती ने इलाज के बाद दम तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर**। तिलक नगर इलाके में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ। 20 वर्षीय छात्रा खुशी बंसल कपड़े सुखाने के लिए दूसरी मंजिल की बालकनी में गई थी, तभी उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गई। गंभीर चोट लगने के बाद परिवारजन उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। करीब चार घंटे तक इलाज चला, लेकिन गंभीर सिर की चोट के चलते खुशी की मौत हो गई। तिलक नगर पुलिस के मुताबिक, खुशी निवासी संविद नगर की रहने वाली और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। हादसे के समय परिवार घर में ही मौजूद था। खुशी के भाई राजू ने बताया कि परिवार किराए के मकान की दूसरी मंजिल पर रहता है। पिता सिक्योरिटी गार्ड हैं, जबकि भाई निजी काम करते हैं। खुशी तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे की पूरी परिस्थितियों को खंगाला जा रहा है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक